दिनांक : 12.03.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होंगे।
- मध्यप्रदेश विधानसभा में वित्तमंत्री आज प्रस्तुत करेंगे वर्ष 2025-26 का बजट।
- प्रदेश की 4 ऐतिहासिक धरोहर यूनेस्को की टेंटेटिव लिस्ट में शामिल।
- महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में रॉयल चैलेंजर्स ने मुंबई इंडियंस को हराया।

समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री मोदी मॉरिशस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह ने मुख्य अतिथि होंगे। श्री मोदी ने कल पोर्ट लुई में मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन चंद्र रामगुलाम के साथ सकरात्मक बातचीत की और दोनों देशों के बीच साझेदारी की मजबूती के संकल्प को दोराहया है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों मे वर्तमान में सहयोग की समीक्षा की और दोनों देशों के बीच विशेष संबंध को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के नए रास्ते पर विचार विर्मश किया। बैठक के दौरान जिन मुख्य क्षेत्रों पर प्रमुखता से चर्चा हुई, वे मुद्दे हैं - रक्षा, सुरक्षा, आर्थिक संबंध और सांस्कृतिक आदान-प्रदान। श्री मोदी ने पुष्टि की कि भारत को मॉरीशस का एक मूल्यवान और विश्वसनीय विकास भागीदार होने पर गर्व है और दोनों देश ग्लोबल साउथ के हितों को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेंगे।

विधानसभा बजट सत्र

राज्य विधानसभा में आज वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये बजट पेश करेंगे। इस बजट में सरकार अपनी प्राथमिकताओं और नई योजनाओं को प्रस्तुत करेगी। यह बजट 4 लाख करोड़ रूपये से ज्यादा का अनुमानित है। बजट में गरीब, युवा, किसान, महिला कल्याण के साथ ही औद्योगिकीकरण के लिये नये प्रावधान किये जा सकते हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि आज पेश होने वाला बजट प्रदेश के विकास के लिये मील का पत्थर सिद्ध होगा।

ऐतिहासिक धरोहर-मुख्यमंत्री

यूनेस्को ने प्रदेश की चार ऐतिहासिक धरोहरों को सीरियल नॉमिनेशन के तहत टेंटेटिव लिस्ट में शामिल किया है। इनमें सम्राट अशोक के शिलालेख, चौसठ योगिनी मंदिर, गुप्तकालीन मंदिर और बुंदेला शासकों के महल और किले शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में अब यूनेस्को द्वारा घोषित 18 धरोहर हैं। जिसमें से 3 स्थाई और 15 टेंटेटिव सूची में है। यूनेस्को की विश्व धरोहर की सूची में प्रदेश के खजुराहो के मंदिर समूह, भीमबेटका की गुफाएं एवं सांची स्तूप यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल स्थायी सूची में शामिल है। वहीं यूनेस्को की टेंटेटिव सूची में मांडू में स्मारकों का समूह, ओरछा का ऐतिहासिक समूह, नर्मदा घाटी में भेड़ाघाट-लमेटाघाट, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और चंदेरी भी शामिल है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहरों को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है।

सृजन कार्यक्रम

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार आज इनोवेट एमपी मिशन के अंतर्गत सृजन कार्यक्रम का शुभारम्भ करेंगे। मंत्री श्री परमार “सृजन“ कार्यक्रम की सूचना विवरणिका का विमोचन भी करेंगे। यह कार्यक्रम भोपाल स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अपराह्न 3 बजे आयोजित होगा।

गौरतलब है कि तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत सृजन कार्यक्रम का सूत्रपात किया गया है, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल को इस कार्यक्रम की नोडल एजेंसी बनाया गया है। सृजन कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत समस्त इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक एवं उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत सभी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को वर्त्तमान में संचालित पाठ्यक्रमों के अंतर्गत विकसित किये गए नवीन प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना है।

जल संरक्षण

प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए तालाब एवं अन्य जल स्त्रोतों के उन्नयन, विकास, गहरीकरण, जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करने और उनके आसपास पौधा-रोपण आदि के उद्धेश्य से प्रदेश में 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक "जल गंगा संवर्धन अभियान" चलाया जाएगा। इस संबंध में गत दिवस जल संसाधन मंत्री ने प्रमुख अभियंता जल संसाधन कार्यालय के सभाकक्ष में अभियान की तैयारियों के संबंध में बैठक ली।

बैठक में जल संसाधन मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन की समृद्धशाली परंपरा रही है। श्री सिलावट ने प्रदेश में जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का जनता से आहवान किया है।

परामर्शदात्री समिति-बैठक

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि ऊर्जा विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक में विधायकों द्वारा दिये गये सुझावों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि आरडीएसएस योजना की संभागवार समीक्षा करेंगे। समीक्षा में विधायकों को भी ऑनलाइन जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि मीटर आधारित कनेक्शन देने पर विचार किया जाएगा। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में आ रही समस्याओं के निराकरण में ऊर्जा विभाग नम्बर एक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में विद्युत की निरंतर बढ़ती मांग की पूर्ति के लिये पर्याप्त बिजली उपलब्ध है।

अनुकंपा नियुक्ति-पत्र

सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग आज भोपाल के अपेक्स बैंक परिसर स्थित समन्वय भवन में सहकारिता विभाग में 25 कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति-पत्र सौंपेंगे। मंत्री श्री सारंग इसी के साथ ई-पेक्स के लिए एक दिवसीय हैंड्स ऑन रिफ्रेशर प्रशिक्षण सह संवेदीकरण कार्यक्रम के आयोजन का शुभारंभ भी करेंगे। प्रशिक्षण में सहकारिता विभाग, जिला बैंक एवं पेक्स के लगभग 650 प्रतिभागी शामिल होंगे।

क्रिकेट महिला प्रीमियर लीग

मुंबई में महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के अंतिम लीग मैच में कल रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को ग्यारह रन से हरा दिया है। जीत के लिए 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 188 रन ही बना सकी।

इससे पहले मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी उत्तरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाए थे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- आकाशवाणी भोपाल से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम प्रदेश की सुर्खियों में का प्रसारण समय बदला गया है। यह कार्यक्रम आज शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित होगा।
- गुना में जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर किशोर कन्याल ने आवेदकों से चर्चा कर समस्याओं के निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

- खरगोन कलेक्टर भव्या मित्तल ने जिले की राजस्व सीमा में किसी भी धार्मिक आयोजन, जुलूस, झांकी, धरना आदि पर धारा163; 2 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं।
- श्रम न्यायालय रीवा में औद्योगिक विवाद के 11 प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी।
- भोपाल और निवाड़ी में होली ,रमजान, ईद, रंग पंचमी पर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला।
- रायसेन कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर दो सीडीपीओ को नोटिस जारी करने एंव वेतनवृद्धि रोकने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।
- इंदौर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने महू उपद्रव के दो आरोपियों पर रासुका की कार्रवाई की है।
- झाबुआ में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने पंचायत सचिव पेटलावद को निलंबित कर दिया है।
- खंडवा में टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय निक्षय शिविर में पंधाना में टी.बी. के मरीजों को फूड बास्केट दिये गए।
- इंदौर संभाग में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 15 मार्च से प्रारंभ होगा। समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिये संभाग के 61 हजार 642 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।

-------